Regarding increasing human-leopard conflict in Dindori Parliamentary Constituency, Maharashtra-Laid

श्री भास्कर मुरलीधर भगरे (दिन्डोरी) : मेरे संसदीय क्षेत्र, दिंडोरी, महाराष्ट्र में तेंदुओं द्वारा मनुष्यों पर बढ़ते हमलों के संबंध में मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । यह क्षेत्र, जो जंगलों के निकट स्थित होने के लिए जाना जाता है, हाल ही में मानव-तेंदुआ संघर्ष की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देख रहा है, जिससे लोगों की जान-माल का नुकसान हो रहा है और निवासियों के बीच असुरक्षा एवं चिंता का माहौल उत्पन्न हो गया है । इस क्षेत्र में तेंदुओं की आबादी लगातार बढ़ रही है, जिससे स्थानीय समुदायों और इन जानवरों के बीच मुठभेड़ों में वृद्धि हो रही है । इसके अलावा, आवासीय क्षेत्रों में अतिक्रमण और शिकार की कमी के कारण तेंदुए अक्सर मानव बस्तियों में घुस रहे हैं, जिससे मानव जीवन और पशुधन को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है । इन चुनौतियों को देखते हुए, मैं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से विनम्र अनुरोध करता हूँ कि इस क्षेत्र में मानव-तेंदुआ संघर्ष को कम करने के लिए एक रणनीतिक योजना तैयार की जाए, जिसमें तेंदुओं की जनसंख्या नियंत्रण के लिए कार्यक्रम, बेहतर निगरानी और प्रबंधन, तेंदुओं का स्थानांतरण और पुनर्वास जैसे उपाय शामिल किए जाएं ।